# Daily Current Affairs

Date : 13 July, 2024

## राजस्थान परिदृश्य

## ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे

| | |
|---|---|
| **For Prelims –** | **राजस्थान की अर्थव्यवस्था : संवृद्धि, विकास एवं आयोजना, आधारभूत-संरचना एवं संसाधन** |
| **For Mains (GS- I)-** | **राजस्थान की अर्थव्यवस्था : अवसंरचना विकास – परिवहन, राजस्थान की प्रमुख विकास परियोजनाएं।** |

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में राजस्थान राज्य सरकार द्वारा बजट 2024-25 में 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की घोषणा की गई।**

### ➲ मुख्य बिंदु :

- **वर्तमान में राजस्थान में एक भी एक्सप्रेस-वे नहीं है।**
- **प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे की कुल लम्बाई 2756 किमी. होगी तथा इनकी निर्माण लागत लगभग ₹102151 करोड़ होगी।**
- **नव निर्मित एक्सप्रेस-वे इन्टरकनेक्टेड होंगे जो न्यूनतम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरेंगे।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| एक्सप्रेस-वे का नाम | क्षेत्र | लम्बाई |
|---|---|---|
| जयपुर-जोधपुर हाई-स्पीड कॉरीडोर | रिंग रोड़, जयपुर से अमृतसर जामनगर इकोनॉमिक कॉरीडोर | 350 किमी. |
| कोटपूतली – किशनगढ़ एक्सप्रेस-वे | किशनगढ़ में NH-48 और NH-448 से कोटपूतली में पनायला NH-148B | 181 किमी. |
| जयपुर – भीलवाड़ा एक्सप्रेस वे | रिंग रोड़, जयपुर से भीलवाड़ा | 193 किमी. |
| बीकानेर कोटपूतली एक्सप्रेस-वे | बीकानेर में NH-11 और NH-62 के कटाव बिंदु से पनियाला मोड़, कोटपूतली में NH-148B | 295 किमी. |
| ब्यावर – भरतपुर एक्सप्रेस-वे | ब्यावर में NH-58 से भरतपुर में NH-21 तक | 342 किमी. |
| जालोर-झालावाड़-हल्दीघाटी एक्सप्रेस-वे | जालोर में अमृतसर जामनगर ईकॉनोमिक कॉरीडोर से झालावाड़ में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे | 402 किमी. |
| अजमेर-बांसवाड़ा एक्सप्रेस-वे | अजमेर से NH-927A सालिया गाँव, बांसवाड़ा | 358 किमी. |
| जयपुर-फलौदी थार एक्सप्रेस-वे | रिंगरोड़, उत्तरी जयपुर से NH-11 फलौदी तक | 345 किमी. |
| श्रीगंगानगर-कोटपूतली एक्सप्रेस-वे | रीको इंडस्ट्रियल एरिया, श्रीगंगानगर से मंडलाना गांव में नारनौल बायपास, कोटपूतली | 290 किमी. |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q.** उत्तर-दक्षिण व पूर्व-पश्चिम कोरिडोर सुपर हाईवे का मिलन कस्बा है –

(a) हैदराबाद

(b) दिल्ली

(c) नागपुर

(d) झाँसी

**[d]**

**[RAS Prelims 2013]**

**अभ्यास प्रश्न**

**1.** हाल ही में प्रस्तावित किए गए नए एक्सप्रेस-वे की सही लम्बाई का मिलान कीजिए-

| | एक्सप्रेस वे | | | लम्बाई |
|---|---|---|---|---|
| A. | जयपुर-जोधपुर हाई-स्पीड कॉरीडोर | - | 1. | 342 किमी. |
| B. | ब्यावर – भरतपुर एक्सप्रेस-वे | - | 2. | 345 किमी. |
| C. | अजमेर-बांसवाड़ा एक्सप्रेस-वे | - | 3. | 358 किमी. |
| D. | जयपुर-फलौदी थार एक्सप्रेस-वे | - | 4. | 350 किमी. |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य बजट में कृषक कल्याण

| | |
|---|---|
| For Prelims – | राजस्थान की अर्थव्यवस्था : कृषि, उद्योग व सेवा क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे |
| For Mains (GS- I)- | राजस्थान की अर्थव्यवस्था : कृषि परिदृश्य – उत्पादन एवं उत्पादकता। डेयरी एवं पशुपालन।<br>राजस्थान की अर्थव्यवस्था : राजस्थान की आर्थिक कल्याण योजनाएं |

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में राज्य सरकार द्वारा राज्य बजट 2024-25 में कृषकों के कल्याण के लिए ₹96 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है।

## मुख्य बिंदु :

- राजस्थान इरीगेशन वाटर ग्रिड मिशन के अन्तर्गत 50 हजार करोड़ रुपये तथा रन ऑफ वाटर ग्रिड के अन्तर्गत 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्य करवाये जायेंगे।
- राजस्थान कृषि विकास योजना के तहत 650 करोड़ रुपए के कार्य सम्पन्न किए जाएंगे।
- साथ ही, राज्य सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपये, गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) करने तथा पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 1 लाख रुपए तक का ऋण देने जैसे प्रावधान किये गये हैं।
- राज्य बजट 2024-25 में 'इंदिरा गांधी नहर परियोजना' के द्वितीय चरण के लिए 1 हजार 430 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के कार्य करवाने, 1 लाख 45 हजार कृषि विद्युत कनेक्शन जारी करने तथा ऊँटपालकों के लिए सहायता राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रति वर्ष करने सहित अनेक प्रावधान किए गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- बजट में 'कुसुम योजना' के द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए प्रदान की जाने वाली बिजली के लक्ष्य को वर्ष 2027 तक प्राप्त करना है।
- वर्ष 2024 में 23 हजार करोड़ रुपये के ब्याजमुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किये जाने का लक्ष्य है। इसके अंतर्गत 5 लाख नये किसान भी ऋण प्राप्त कर सकेंगे।
- बजट में भूमि सुधार के लिए सहकारी बैंकों द्वारा दिये जाने वाले दीर्घकालीन कृषि ऋणों के दायरे को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया गया है।
- प्रदेश में 500 नये फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (FPO), 150 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 से 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण किया जाएगा।
- राजस्थान एग्रीकल्चर एंड हॉर्टीकल्चर मिशन एवं ऑर्गेनिक एंड कन्वेंशनल फार्मिंग बोर्ड का गठन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उन्नत तकनीक को बढ़ावा देने तथा किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए 10 एग्रो क्लाइमेट जोन में 2-2 कलस्टर विकसित किये जाएंगे।
- पशुपालन संवर्द्धन, संरक्षण एवं विकास के लिए 250 करोड़ रुपये के प्रावधान से मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा। साथ ही गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के तहत गौवंश से जैविक खाद का उत्पादन करने के लिए प्रति किसान 10 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### बजट 2024-25 में किसनों के लिए किए गए अन्य प्रावधान-

- मंगला पशु बीमा योजना
- कैटल फीड प्लांट - कोटा
- कृषि प्रसंस्करण केन्द्र - भूसावर


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ) | सूची-II (उनका सारतत्त्व) |
|---|---|
| (A) नई रोशनी कार्यक्रम | (i) महिला सशक्तीकरण |
| (B) दिशा | (ii) वित्तीय समावेशन |
| (C) प्रधानमंत्री जन- धन योजना | (iii) नई पेंशन प्रणाली |
| (D) स्वावलंबन योजना | (iv) सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण |

कूट –

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iii | i | ii | iv |
| (b) | iv | ii | iii | i |
| (c) | i | iv | ii | iii |
| (d) | ii | iii | iv | i |

[c]

[RAS Prelims 2013]



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अभ्यास प्रश्न**

**1. राजस्थान सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि को 6000 रुपए से बढ़ाकर 8000 रुपए किये जाने पर सरकार के राजस्व पर अतिरिक्त कितना भार पड़ेगा?**

**(a) 1100 करोड़ सालाना**

**(b) 1200 करोड़ सालाना**

**(c) 1300 करोड़ सालाना**

**(d) 1400 करोड़ सालाना**

UTKARSH CIVIL SERVICES




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## अपर सियांग जलविद्युत परियोजना - अरुणाचल प्रदेश

For Prelims – भारत का भूगोल: प्रमुख नदियाँ एवं झीलें
For Mains (GS- II)- भारत का भूगोल: प्रमुख नदियाँ

### ➲ चर्चा में क्यों?



■ अरुणाचल प्रदेश में निर्माणाधीन अपर सियांग बहुउद्देशीय परियोजना का स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है।

### ➲ मुख्य बिंदु :

**अपर सियांग परियोजना:**

■ अरुणाचल प्रदेश में सियांग नदी पर 11,000 मेगावॉट की प्रस्तावित जलविद्युत परियोजना है।

■ यारलुंग त्सांगपो नदी (ब्रह्मपुत्र ) हिमालय के विशाल घाटियों (यारलुंग त्सांगपो ग्रांड कैन्यन सहित) से गुजरती हुई अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करती है, जहां इसे दिहांग या सियांग के नाम से जाना जाता है ।

■ सरकार द्वारा वर्ष 2017 में दो परियोजनाओं को एकीकृत करके एक बड़ी परियोजना में बदल दिया गया जहाँ राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (NHPC) द्वारा 11,000 मेगावॉट की परियोजना का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

■ इस परियोजना के तहत 300 मीटर ऊंचा बांध बनाया जाएगा जो भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा बांध होगा।

■ सियांग नदी बेसिन में 29 जलविद्युत परियोजनाएं हैं जिनकी संयुक्त क्षमता 18,326 मेगावॉट है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सामरिक महत्व:

- इसका रणनीतिक उद्देश्य त्सांगपो पर चीन की जलविद्युत परियोजनाओं, विशेष रूप से तिब्बत में नियोजित 60,000 मेगावॉट के 'सुपर बांध' का मुकाबला करना है।




### सियांग/ब्रह्मपुत्र नदी के बारे में:

- ब्रह्मपुत्र नदी, तिब्बत, पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है।
- इसे तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो, अरुणाचल में सियांग/दिहांग नदी, असम में लुइट और बांग्लादेश में जमुना नदी के नाम से भी जाना जाता है।
- जलग्रहण की दृष्टि से यह विश्व की 9वीं सबसे बड़ी नदी तथा 15वीं सबसे लंबी नदी है।
- तिब्बत के मानसरोवर झील क्षेत्र में कैलाश पर्वत के निकट से निकलकर यह नदी दक्षिणी तिब्बत से होकर बहती है तथा अरुणाचल प्रदेश पहुंचने से पहले यारलुंग त्सांगपो ग्रैंड कैनियन जैसी विशाल घाटियों से होकर गुजरती है।
- यह असम घाटी से होकर दक्षिण-पश्चिम में ब्रह्मपुत्र के रूप में तथा बांग्लादेश से होकर दक्षिण में जमुना के रूप में बहती है।
- विशाल गंगा डेल्टा में यह गंगा नदी (जिसे बांग्लादेश में पद्मा के नाम से जाना जाता है) में मिल जाती है जहां दोनों नदियों को संयुक्त रूप से मेघना के नाम से जाना जाता है। अंततः यह बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है।


उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**

| सूची-I (नदी) | सूची-II (सहायक नदी) |
|---|---|
| (A) गोदावरी | (i) भवानी |
| (B) महानदी | (ii) पेनगंगा |
| (C) दामोदर | (iii) शिवनाथ |
| (D) कावेरी | (iv) बाराकर |

**कूट –**

(a) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)

(b) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

(c) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)

(d) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)

**[b]**

**[RAS Prelims 2018]**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अभ्यास प्रश्न**

**1. अपर सियांग जलविद्युत परियोजना की प्रस्तावित क्षमता कितनी है?**

**(a) 5,000 मेगावॉट**

**(b) 8,000 मेगावॉट**

**(c) 11,000 मेगावॉट**

**(d) 15,000 मेगावॉट**

**2. सियांग नदी को असम में किस नाम से जाना जाता है?**

**(a) गंगा**

**(b) ब्रह्मपुत्र**

**(c) यमुना**

**(d) जमुना**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चा में रहा स्थान – ऑस्ट्रिया

| | |
|---|---|
| For Prelims – | विश्व का भूगोल: प्रमुख स्थलाकृतियाँ – पर्वत, पठार, मैदान एवं मरूस्थल।<br>विश्व का भूगोल: प्रमुख नदियाँ एवं झीलें। |
| For Mains (GS- II)- | पृथ्वी विज्ञान (भूगोल एवं भू-विज्ञान): प्रमुख भौतिक भू-आकृतियाँ – पर्वत, पठार, मैदान, मरूस्थल। |

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया का दौरा किया। विगत 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यह पहली यात्रा है। इससे पहले जून, 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ऑस्ट्रिया का दौरा किया था।




### ➲ मुख्य बिंदु :

**भौगोलिक अवस्थिति:**

- ऑस्ट्रिया दक्षिण-मध्य यूरोप में स्थित एक स्थलरुद्ध (Landlocked) देश है। यह भौगोलिक रूप से पृथ्वी के उत्तरी और पूर्वी गोलार्ध में स्थित है।
- ऑस्ट्रिया 8 देशों से अपनी भौगोलिक सीमा साझा करता है। यह उत्तर में चेक गणराज्य, उत्तर-पूर्व में स्लोवाकिया, पूर्व में हंगरी, दक्षिण में स्लोवेनिया, दक्षिण-पश्चिम में इटली, पश्चिम में स्विट्जरलैंड और लिकटेंस्टीन तथा उत्तर-पश्चिम में जर्मनी के साथ सीमा साझा करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राजधानी – वियना।
- डेन्यूब (2,850 किमी) देश की सबसे महत्वपूर्ण नदी है। यह यूरोप की दूसरी सबसे लंबी नदी है और देश के व्यापार और वाणिज्य के लिए एक महत्त्वपूर्ण जलमार्ग है।
- अन्य नदियाँ - ड्राउ, एन्स, इन, मुर, राब और ट्राउन आदि।
- सबसे ऊंचा पर्वत – माउंट ग्रॉसग्लॉकनर (3,798 मीटर)
- नेउसिडल झील (115.45 मीटर) ऑस्ट्रिया का निम्नतम बिंदु है।

**अन्य बिंदु**

- ऑस्ट्रिया अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन नाटो का सदस्य नहीं है।
- ऑस्ट्रिया वर्ष 1995 से यूरोपीय संघ (EU) का सदस्य है।

**ऑस्ट्रिया निम्नलिखित संगठनों का भी सदस्य है:**

- संयुक्त राष्ट्र (UN)
- विश्व बैंक।
- आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) आदि।

**ऑस्ट्रिया में स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के मुख्यालय:**

- वियना में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय - जिनेवा और न्यूयॉर्क के बाद संयुक्त राष्ट्र के महासचिव सचिवालय की तीसरी सीट।
- अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)
- संयुक्त राष्ट्र ड्रग्स और अपराध कार्यालय (UNODC)
- पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

PYQ.

Q. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए कुट से कीजिये –

| सूची – I (पर्वत शिखर) | सूची – II (महाद्वीप) |
|---|---|
| A. कोसिस्को | 1. यूरोप |
| B. मैकिन्ले | 2. अफ्रीका |
| C. अल्ब्रूस | 3. ऑस्ट्रेलिया |
| D. किलिमंजारो | 4. उत्तरी अमेरिका |

कूट –

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

[b]

[RAS Prelims 2016]


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अभ्यास प्रश्न

1. **अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) का मुख्यालय स्थित है-**

**(a) पेरिस, फ्रांस**

**(b) बॉन, जर्मनी**

**(c) वियना, ऑस्ट्रिया**

**(d) मॉस्को, रुस**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## यूनेस्को के 11 नए बायोस्फीयर रिजर्व

| | |
|---|---|
| For Prelims – | जैव-विविधता, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संधारणीय विकास |
| For Mains (GS- II) - | पृथ्वी विज्ञान : प्रमुख पर्यावरण संबंधी मुद्दे |

### ➲ चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, यूनेस्को द्वारा 11 देशों में 11 नए बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किए गये।

### ➲ मुख्य बिंदु :

- हालिया शामिल किए गये बायोस्फीयर रिजर्व में पहली बार बेल्जियम और गाम्बिया तथा दो ट्रांसबाउंड्री बायोस्फीयर रिजर्व शामिल हैं।
- इसी के साथ, वैश्विक स्तर पर बायोस्फीयर रिजर्व की कुल संख्या 759 हो गई है जो 136 देशों में विस्तृत है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## नव-घोषित बायोस्फीयर रिजर्व:

| बायोस्फीयर रिजर्व | अवस्थिति |
|---|---|
| केम्पेन-ब्रोक ट्रांसबाउंड्री बायोस्फीयर रिजर्व | बेल्जियम और नीदरलैंड |
| डेरियन नोर्टे चॉकोआनो बायोस्फीयर रिजर्व | कोलम्बिया |
| माद्रे डे लास अगुआस बायोस्फीयर रिजर्व | डॉमिनिकन गणराज्य |
| नियुमी बायोस्फीयर रिजर्व | गाम्बिया |
| कॉल्ली उगनेई बायोस्फीयर रिजर्व | इटली |
| जूलियन आल्प्स ट्रांसबाउंड्री बायोस्फीयर रिजर्व | इटली और स्लोवेनिया |
| खार अस लेक बायोस्फीयर रिजर्व | मंगोलिया |
| यपायाओस बायोस्फीयर रिजर्व | फ़िलिपींस |
| चांगन्योंग बायोस्फीयर रिजर्व | कोरिया गणराज्य |
| वैल डी'अरन बायोस्फीयर रिजर्व | स्पेन |
| इराती बायोस्फीयर रिजर्व | स्पेन |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ❖ मैन एण्ड बायोस्फीयर रिजर्व (MAB) कार्यक्रम:

- यह यूनेस्को का सबसे पुराना अंतर-सरकारी वैज्ञानिक कार्यक्रम है, जिसे वर्ष 1971 में शुरू किया गया। इसका उद्देश्य लोगों और पर्यावरण के बीच संबंधों में सुधार के लिए वैज्ञानिक आधार स्थापित करना है।
- MAB कार्यक्रम अनुसंधान और विकास, क्षमता निर्माण और नेटवर्किंग पर सहयोग के लिए मंच प्रदान करता है, जो 3 परस्पर संबंधित मुद्दों- जैव विविधता हानि (Biodiversity Loss), जलवायु परिवर्तन (Climate Change) और सतत विकास (Sustainable Development) पर जानकारी, ज्ञान और अनुभव साझा करता है।
- भारत में कुल 18 बायोस्फीयर रिजर्व हैं जिनमें से 12 बायोस्फीयर रिजर्व को यूनेस्को के 'मैन एंड बायोस्फीयर रिजर्व प्रोग्राम' के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

### भारत में स्थित 18 बायोस्फीयर रिजर्व:

| क्रं.सं. | बायोस्फीयर रिजर्व | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | शीत रेगिस्तान बायोस्फीयर रिजर्व | हिमाचल प्रदेश |
| 2. | नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व** | उत्तराखंड |
| 3. | कंचनजंगा बायोस्फीय रिजर्व** | सिक्किम |
| 4. | देहांग-देबांग बायोस्फीयर रिजर्व | अरुणाचल प्रदेश |
| 5. | मानस बायोस्फीयर रिजर्व | असम |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| 6. | डिब्रू-सैखोवा बायोस्फीयर रिजर्व | असम |
| 7. | नोकरेक बायोस्फीयर रिजर्व** | मेघालय |
| 8. | पन्ना बायोस्फीयर रिजर्व** | मध्य प्रदेश |
| 9. | पचमढ़ी बायोस्फीयर रिजर्व** | मध्य प्रदेश |
| 10. | अचानकमार-अमरकंटक बायोस्फीयर रिजर्व** | मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ |
| 11. | कच्छ बायोस्फीयर रिजर्व (सबसे बड़ा क्षेत्र) | गुजरात |
| 12. | सिमिलिपाल बायोस्फीयर रिजर्व** | ओडिशा |
| 13. | सुंदरबन बायोस्फीयर रिजर्व** | पश्चिम बंगाल |
| 14. | शेषाचलम बायोस्फीयर रिजर्व | आंध्र प्रदेश |
| 15. | अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिजर्व** | कर्नाटक-तमिलनाडु-केरल |
| 16. | नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व (प्रथम बायोस्फीयर रिजर्व)** | तमिलनाडु-केरल |
| 17. | मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व** | तमिलनाडु |
| 18. | ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिजर्व** | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| ** - यूनेस्को के 'मैन एंड बायोस्फीयर रिजर्व प्रोग्राम' में शामिल। | | |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए–**

| सूची-I (भारत में संरक्षित क्षेत्र) | सूची-II (संख्या, वर्ष 2018 में) |
|---|---|
| A. सामुदायिक रिजर्व | (i) 103 |
| B. कन्जर्वेशन रिजर्व | (ii) 46 |
| C. राष्ट्रीय पार्क | (iii) 544 |
| D. वन्य जीव अभयारण्य | (iv) 76 |

**कूट –**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (b) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (d) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**[a]**

**[RAS Prelims 2018]**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

Q. यूनेस्को द्वारा 'मैन एण्ड बायोस्फीयर प्रोग्राम' (MAB) की शुरुआत हुई थी :

(a) 1991 में

(b) 1970 में

(c) 1972 में

(d) 1986 में

[*]

[RAS Prelims 2013]

**अभ्यास प्रश्न**

1. निम्नलिखित में से कौनसा बायोस्फीयर रिजर्व 'यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर रिजर्व प्रोग्राम' में शामिल नहीं है?

(a) मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व

(b) शेषाचलम बायोस्फीयर रिजर्व

(c) सुंदरबन बायोस्फीयर रिजर्व

(d) नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## जेम्स एंडरसन

For Prelims – समसामयिक घटनाएँ: खेल एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियाँ
For Mains (GS- III)- समसामयिक मामले: व्यक्ति एवं खेलकूद से जुड़ी हाल की गतिविधियाँ

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले लिया है।



### मुख्य बिंदु

- इंग्लैंड के 613वें टेस्ट खिलाड़ी 41 वर्षीय एंडरसन ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में अपने करियर का आखिरी मैच खेला।
- एंडरसन टेस्ट मैच के इतिहास में श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन और ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न के बाद टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी है।
- इन्होनें अपने टेस्ट करियर में 149 विकेट भारत के खिलाफ लिए जो किसी एक टीम के विरूद्ध सर्वाधिक है।
- एंडरसन ने वर्ष 2003 में लॉर्ड्स में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच से अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की थी।
- एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैचों में कुल 704 विकेट लिए। वहीं 194 वनडे मैचों में 269 विकेट तथा 19 T20I में 18 विकेट लिए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q. मुथैया मुरलीधरन**

**(15 शब्द)**

**(RAS Mains 2010)**

**अभ्यास प्रश्न**

1. **हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का संबंध किस देश से है?**

   (a) वेस्ट इंडीज

   (b) ऑस्ट्रेलिया

   (c) जिम्बाब्वे

   (d) इंग्लैंड



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR